**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110001

No . 7-4(1)/2021-R&A                                                    दिनांक: 07.06.2024

**<u>अधिसूचना</u>**

**विषय: सीएसआईआर मुख्यालय में तकनीकी सहायकों के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या आरएंड ए/01/2022 के अंतर्गत ट्रेड परीक्षा में अर्हता प्राप्त घोषित किए गए उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने के संबंध में।**

सीएसआईआर की वेबसाइट पर दिनांक 19.12.2023 की समसंख्यक अधिसूचना द्वारा अधिसूचित विज्ञापन संख्या आरएंडए/01/2022 के तहत ट्रेड परीक्षा में अर्हता प्राप्त घोषित सभी उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि उनकी लिखित परीक्षा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित की जाएगी :

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>पद कोड</th><th>लिखित परीक्षा की तिथि</th><th>परीक्षा कार्यक्रम</th><th>लिखित परीक्षा का स्थान</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>220101 (आईटी/सीएस)</td><td rowspan="10">14 जुलाई, 2024 (रविवार)</td><td rowspan="2">पेपर–I (1 घंटा) (सभी के लिए समान)<br>सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक</td><td rowspan="10">जेवीएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डी–2, लिंक रोड (श्री हनुमान जी प्रतिमा के सामने) झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>220103 (इलेक्ट्रिकल)</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>220104 (मैकेनिकल)</td><td rowspan="2">पेपर– II (30 मिनट) (सभी के लिए समान)<br>दोपहर 12.00 बजे से 12.30 बजे तक</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>220105 (ईसीई)</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>220108 (लाइफ साइंस)</td><td rowspan="6">पेपर– III (1.30 घंटा)<br>(I) अपराह्न 1.30 बजे से शाम 3.00 बजे तक (रसायन विज्ञान पद कोड–220107 को छोड़कर,)<br>(II) शाम 3.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक (रसायन विज्ञान, पद कोड–220107)</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>220107 (रसायन विज्ञान)</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>220110(भौतिक विज्ञान)</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>220111(पुस्तकालय विज्ञान)</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>220102 (सिविल)</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>220106 (वास्तुकला)</td></tr>
</table>

2. लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम सीएसआईआर की वेबसाइट पर दिनांक 22.09.2023 की समसंख्यक अधिसूचना द्वारा पहले ही अधिसूचित कर दिया गया है।

3. प्रवेश पत्र लिखित परीक्षा की निर्धारित तिथि से 10 दिन पहले सीएसआईआर भर्ती पोर्टल (अर्थात <u>https://recruitment.csir.res.in</u>) से डाउनलोड किए जा सकते हैं, जिनमें परीक्षा स्थल का पता और अन्य निबंधन एंव शर्तें संबंधी जानकारी निहित हैं।

4. इसके अलावा, यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक ने कोई गलत/झूठी जानकारी/प्रमाणपत्र/दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है या सीएसआईआर विज्ञापन संख्या आरएंडए/01/2022 के तहत अधिसूचित पदों के लिए आवश्यक योग्यता, निर्धारित आयु सीमा, श्रेणी आदि जैसी पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी बिना किसी अतिरिक्त सूचना के रद्द की जा सकती है। यदि सीएसआईआर में नियुक्ति के बाद इनमें से कोई भी कमी (कमियां) पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं सरसरी तौर पर समाप्त की जा सकती हैं। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा में शामिल होने से पूर्व सावधानीपूर्वक जांच लें और खुद को संतुष्ट कर लें कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसके लिए विज्ञापन में निर्धारित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं।

5. उपर्युक्त लिखित परीक्षा के लिए सीएसआईआर द्वारा किसी टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवश्यक होने पर अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करें।

6. सीएसआईआर के पास किसी भी या सभी पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है। इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन सूचना के लिए नियमित रूप से अपने ई–मेल के साथ–साथ सीएसआईआर की वेबसाइट https://www.csir.res.in भी देखते रहें। किसी भी अंतरिम या टेलीफोनिक पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**(सुप्रकाश हलदार)**
**उप सचिव (भर्ती एवं मूल्यांकन)**

प्रति:
1. सीएसआईआर की वेबसाइट
2. कार्यालय प्रति